## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–14.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 67 प्रतिशत मतदान, खरसांवा में सबसे अधिक 79 प्रतिशत और रांची में सबसे कम 52 फीसदी हुई वोटिंग।।
2. 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार अभियान तेज, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, शिवराज सिंह चौहान और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की आज कई क्षेत्रों में चुनावी सभाएं।
3. इंडिया गठबंधन के नेताओं की भी आज कई चुनावी रैलियां, झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज सारठ, मधुपुर, दुमका और बोकारो में करेंगे चुनाव प्रचार।
4. बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, दो बांग्लादेशी समेत चार आरोपी गिरफ्तार, फर्जी पासपोर्ट समेत कई दस्तावेज बरामद।
5. एशियाई महिला चैम्पियंस ट्रॉफी में झारखंड की कई खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम का थाईलैंड से आज होगा मुकाबला।

*****************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में करीब 67 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग की ओर से देर रात जारी आंकड़ों के अनुसार पहले चरण में 66 दशमलव पांच एक प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि खरसांवा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 79 दशमलव एक–एक प्रतिशत मतदान हुआ है जबकि रांची में सबसे कम 52 दशमलव दो सात फीसदी हुई वोटिंग। श्री कुमार ने कहा कि सभी क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण रहा।

*****************

पहले चरण का मतदान संपन्न होने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने एनडीए की जीत का दावा किया है। गिरिडीह में पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य में जेएमएम–कांग्रेस गठबंधन का सुपड़ा साफ हो रहा है।

*****************

इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने भी दावा किया है कि पहले चरण में भाजपा बड़ी जीत दर्ज कर रही है।

*****************

उधर, कांग्रेस ने दावा किया है कि पहले चरण के मतदान में इंडिया गठबंधन को निर्णायक बढ़त प्राप्त हो गयी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश ठाकुर ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में कम और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक मतदान इस बात का संकेत है कि जनता ने भाजपा को नकार दिया है।

*****************

इस बीच झामुमो ने भी इंडिया गठबंधन की जीत का दावा किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने कहा कि भाजपा को अपनी हार स्वीकार कर लेनी चाहिए।

*****************

झारखंड में विधानसभा चुनाव का पहला चरण पूरा होने के बाद 20 नवम्बर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार तेज हो गया है। एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधन के नेता मतददाताओं को लुभाने के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में सभा और रैलियां कर रहे हैं।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी देवघर जिले की, जहां दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है।

****************

बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। केन्द्रीय जांच एजेंसी ने दो बांग्लादेशी नागरिक समेत चार आरोपियों को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। ईडी ने गिरफ्तार आरोपियों के नाम पर बने फर्जी पासपोर्ट समेत अन्य दस्तावेज भी बरामद किये हैं। गिरफ्तार आरोपियों को कोलकाता में ईडी की विशेष अदालत में पेश करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर उन्हें रांची लाया गया है।

****************

बिहार के राजगीर में खेली जा रही एशियाई महिला चैंपियंस ट्राफी में आज भारतीय टीम का थाईलैंड से मुकाबला होगा। भारत इससे पहले के दोनों मुकाबले जीत कर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। आज थाईलैंड पर जीत दर्ज करने के साथ ही भारतीय टीम सेमिफाइनल में प्रवेश कर जायेगी। भारतीय टीम में झारखंड की कई खिलाड़ी प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

****************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान संपन्न होने की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी है– शहर पर भारी पड़ा गांव, रांची फिर फिसड्डी।
- हिन्दुस्तान के शब्द हैं– लोकतंत्र में भागीदारी, शहर पर गांव भारी।
- प्रभात खबर लिखता है– हॉट सीटों पर बंपर मतदान, रांची में आधे मतदाता नहीं निकले वोट करने।
- दैनिक जागरण लिखता है– 43 सीटों का फैसला लाक, 66.51 प्रतिशत मतदान।
- अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी पहले चरण में 43 विधानसभा सीटों पर हुए मतदान की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****************